RNI No.-MPHIN/2001/14172

# जाग उठा हमारा आज़ाद हिन्दुस्तान

सच के साथ.....

AZAD हिन्दुस्तान LIVE



वर्ष-22 अंक-49 इन्दौर/खरगोन/बड़वाह | 1 नवम्बर से 07 नवम्बर 2022 | सम्पादक : नवरत्नमल जैन | Email.azadindore@gmail.com | पेज-4 | वार्षिक मूल्य- 150 रु.

## नवम्बर के आखिरी सप्ताह में बड़वाह आयेगी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा

# भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों का निरीक्षण करने आई केन्द्रीय एवं प्रदेश स्तरीय कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की टीम

## बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में होगा राहुल गांधी एवं भारत जोड़ो यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत



**बड़वाह -कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहूल गांधी की भारत जोडों यात्रा नवम्बर के अन्तिम सप्ताह में महाराष्ट्र के रास्ते मध्यप्रदेश के बुरहानपुर में प्रवेश करेगी । कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3500 किलामीटर तक की यह भारत जोडों यात्रा बुरहानपुर से खंडवा, देशगांव,छैगांव माखन, दोडवा होते हुये खरगोन जिले की बड़वाह विधानसभा में आयेगी। जहां कांग्रेस द्वारा श्री राहूलगांधी एवं भारत जोडों यात्रा के अभूतपूर्व स्वागत की तैयारियो को अन्तिम रूप दिया जारहा है । एक ओर खरगोन जिला प्रभारी श्री नरेन्द्र पटेल एवं बड़वाह विधानसभा प्रभारी श्री नीलेश रोकडिया अपनी टीम के साथ बड़वाह विधानसभा में राहूलगांधी जी एवं भारत जोडों यात्रा को एतिहासिक रूप से सफल बनाने की रणनीति तैयार कर रहे है वही ब्लॉक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को ओखला से हनुमान दर्शन कर पूर्व केबीनेट मंत्री सुश्री विजय लक्ष्मी साधौ की मोजूदगी में 7 दिवसीय पद यात्रा का शुभारंभ कर राहूल जी की भारत जोडों यात्रा के प्रति जनजागरण की शुरूआत की ।**

### यात्रा को सफल बनाने के लिय कांग्रेस ने कसी कमर ।

मध्य प्रदेश में भारत जोडों यात्रा को ऐतिहासिक रूप प्रदान करने के लिये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री कमलनाथ जी के मागदर्शन में शीर्ष कांग्रेस नेताओं ने योजनाबद्ध तरीके से रोडमेप बनाया है । जिससे इस यात्रा के आगमन का लाभ प्रदेश कांग्रेस को मजबूत बनाने में लिया जा सके । हालाकि प्रदेश के नेता गण इस यात्रा का उद्देश्य राजनैतिक होने से नकार रहे है लेकिन भारत जोडों यात्रा को अब तक मिल रहे पूरे देश में जबरजस्त जन समर्थन को देखते हुये कांग्रेस इस यात्रा के आगमन से बने माहौल का फायदा अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावा में कांग्रेस को मजबूत बनाने एवं सरकार बनाने की स्थिति में पहूंचने के लिये उठाना जरूर चाहेगी ।

### केन्द्रिय टीम ने किया प्रदेश स्तरीय नेताओ के साथ विश्राम स्थल का निरीक्षण।

भारत जोड़ो यात्रा का प्रदेश एवम बडवाह क्षेत्र में आगमन का ज्यो ज्यो समय नजदीक आता जा रहा है कांग्रेस के राष्टीय एवम प्रदेश स्तरीय नेताओ की सक्रियता बढ़ गई है। रविवार को राष्टीय टीम के साथ प्रदेश कांग्रेस के नेताओ ने एक बार फिर मोरटक्का में राहुल गांधी के रात्रि विश्राम स्थल का गहन निरीक्षण किया। भारत जोडों यात्रा मार्ग का निरीक्षण करने आई टीम में दिल्ली से केंद्रीय पर्यवेक्षक एवम राहुल गांधी की विश्वसनीय टीम के बिजूजी एवम सुशांत मिश्रा के साथ प्रदेश यात्रा प्रभारी पी. सी. शर्मा, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा,मुकेश नायक ,पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव,पूर्व मंत्री जीतू पटवारी,कुणाल चौधरी, प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, विधायक रवि जोशी,झूमा सोलंकी,प्रदेश प्रवक्ता महेश जोशी आदि दिग्गज नेता गण शामिल थे । सभी नेताओं ने राहुल गांधी के रात्रि विश्राम स्थल की पूरी जानकारी खरगोन जिला यात्रा समन्वयक नरेन्द्र पटेल एवं विधानसभा समन्वयक श्री नीलेश रोकडिया से ली एवम आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर स्थानीय नेताओं में जिला समन्वयक नरेंद्र पटेल, बडवाह विधानसभा समन्वयक श्री नीलेश रोकडिया ,पूर्व पीसीसी सचिव श्री अशोक जैन,वरिष्ठ नेता रमिंदर सिंह भाटिया,बडवाह विधानसभा के सह समन्वयक अनिल राय कांग्रेस नेता प्रसून दस्साणी ,ईश्वरचंद दससाणी, पीसीसी डेलीगेड श्री सोहन शाह ,तिलोक राठौड़,सौभाग पटेल,इन्दर बिरला, ईश्वरचंद दससाणी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विमल बरडिया, पार्षद प्रतिनिधि अनिल कानूनगो,गगन भाटिया, आदि नेता उपस्थित थे।

### सनावद में नुक्कड सभा, मोरटक्का में रात्रि विश्राम एवं बड़वाह शहर में होगा यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत -श्री नरेन्द्र पटेल एवं नीलेश रोकड़िया

खरगोन जिला यात्रा समन्वयक श्री नरेन्द्र पटेल तथा बड़वाह विधानसभा समन्वयक श्री नीलेश रोकडिया ने बताया कि भारत जोडों यात्रा बुरहानपुर से छैगांव माखन, दोड़वा होते हुये बड़वाह विधानसभा के भानभरड में प्रवेश करेगी । यहां यात्रियों का भोजन होगा उसके बाद यात्रा का सनावद आगमन होगा जहां बस स्टेंड पर श्री राहूलगांधी जी की नुक्कड सभा होगी । मोरटक्का के वेष्णवी रेस्टोरेंट के निकट श्री राहलूगांधी जी एवं भारत यात्रियों का रात्रि विश्राम होगा । सुबह भारत जोडों यात्रा मोरटक्का से बडवाह की ओर प्रस्थान करेगी । मोरटक्का से सर्व प्रथम मोरटक्का पुल पारकर नावघाट खेडी में नर्मदा दर्शन , पूजन अर्चन कर यात्रा का बड़वाह शहर में भव्य प्रवेश होगा जहा श्री राहूल गांधी एवं भारत जोडों यात्रा के ऐतिहासिक स्वागत की तैयारियां की जारही है ।

भारत जोडो यात्रा के बड़वाह विधानसभा समन्वयक श्री नीलेश रोकड़िया ने बताया कि बड़वाह में श्री राहूलगांधी जी एवं भारत जोडों यात्रा के अभूतपूर्व स्वागत की तैयारियां की जारही है । यहां पर आदिवासी तथा निमाडी कलाकारों के लोक नृत्यों तथा श्री राम दरबार आदि की भव्य झांकियों के साथ यात्रा का स्वागत किया जायेगा । बड़वाह के मुख्य मार्गो से गुजरती हुई भारत जोडों यात्रा का अगला रात्रि विश्राम मनिहार में होगा एवं बलवाडा में नुक्कड सभा का आयोजन किया जायेगा ।

### बड़वाह में टिकिट के दावेदारों और युवा नेताओं की फोज भी उतरी यात्रा को सफल बनाने के लिये जमीन पर..

अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुये बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक युवा नेता कांग्रेस से टिकिट की दोड़ में है । भारत जोडों यात्रा ने उन्हे भी अपनी शक्ति प्रदर्शन का नायाब मोका दिया है ऐस में भारत जोडों यात्रा के पहले वे सभी पदयात्राओं में शामिल होकर एवं अन्य कार्यक्रमों के साथ अपने समर्थकों को एकजुट कर अपनी ताकत दिखाने का प्रयास कर रहे है । ये सभी दावेदार गांव गांव जाकर न केवल यात्रा के लिये लोगों को जागरूक कर रहे है बल्कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पकड भी मजबूत बना रहे है ।

बड़वाह विधानसभा मे टिकिट के दावेदारों में जहां श्री नरेन्द्र पटेल को यात्रा का जिला समन्वयक तथा श्री नीलेश रोकडिया को बड़वाह विधानसभा क्षेत्र समन्यक बनाये जाने से वे इस यात्रा में अपना प्रभाव दिखाने के लिये पूरी तरह सक्रीय नजर आरहे है ।

वही पूर्व पीसीसी सचिव श्री अशोक जैन, उर्जावान उभरते नेता श्री त्रिलोक राठोड,पीसीसी डेलीगेड श्री सोहन शाह , क्षेत्र के जमीनी नेता नर्मदा भक्त श्री सोभाग पटेल ,सनावद नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं किसान नेता श्री इन्दर बिरला आदि नेताओं ने गांव गांव जाकर पदयात्राओं के माध्यम से यात्रा को सफल बनाने एवं हर घर तक अपनी पहूंच बनाने का प्रयास किया है । सबसे बडी बडी बात यह है कि सभी दावेदार आपसी प्रतिद्वदिता के बजाय वर्तमान में एकजुट होकर राहूल गांधी की भारत जोडों यात्र को सफल बनाने में प्रयास रत है ।

### जिला अध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदार श्री प्रसून दस्साणी भी अपने पुराने जुझारू रंग में ... सभी दावेदारों को एकजुट करने का किया सफल प्रयास...

आज से कुछ दशक पहले खरगोन जिले के राजनैतिक पटल पर ध्रुव तारे की तरह चमकने वाले श्री प्रसून दस्साणी अब एक बार फिर कांग्रेस में जमीनी धरातल पर अपने पुराने रंग में नजर आरहे है ।

खरगोन जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदारों में से एक श्री प्रसून दस्साणी ने भारत जोडों यात्रा में बड़वाह के बिखरे कांग्रेस संगठन को आज से प्रारंभ हुई 5 दिवसीय पद यात्रा के चलते एकजुट कर एक जाजम पर लाने का सफल प्रयास किया है ।

उन्होने इस यात्रा में कांग्रेस में जहां टिकिट के सभी 7 दावेदारों को आयोजक बनाकर एक साथ ला खडा किया वहीं संगठन स्तर पर भी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष श्री डोंगर सिंह खंडाला, वरिष्ठ नेता ईश्वरचंद दस्साणी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विमल जैन, जनपद सदस्य प्रतिनिधि श्री संतोष मालवीय, शहजाद खान, राजू व्यास आदि नेताओं को एकमंच पर लाकरसंगठित करने का सफल प्रयास किया है ।



## ओखलेश्वर से हनुमान जी के दर्शन के बाद प्रारंभ हुई कांग्रेस की गांधी पद यात्रा एवं गांधी चौपाल





**बड़वाह -जिस कांग्रेस ने आजादी के बाद भारत में सूई से लेकर हवाई जहाज बनाने के कारखाने लगाऐं और अनेकता में एकता के मंत्र को आत्मसात कर पूरे भारत में सभी समाजों , सभी वर्गो , सभी जातियों को एकता के सूत्र में पिरोकर मजबूत एवं विकसित देश बनाया आज भाजपा सरकार उन सभी शासकीय सम्पत्तियों को नीजी हाथों में बेचकर देश को वापस अदृश्य नीजी गुलामी की हालात में पहूंचा रही है । आज भाजपा सरकार के राज में युवकों को रोजगार नही, किसानों को एमएसपी नहीं ,व्यापारियों पर जीएसटी की मार तथा एक बार फिर आपस में धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर आपस में फूट डालकर केवल सरकार बनाना और देश को आर्थिक रसातल की ओर जारहा है । यही कारण है कि प्रधानमंत्रियों के घराने में पैदा होने के बावजूद आज राहूल गांधी देश को बचाने , तथा पुनः भाईचारे से जोडने के लिये कन्या कुमारी से कश्मीर तक 3500 किलोमीटर की भारत जोडों पद यात्रा निकाल रहे है जहां वे रोजाना हजारों किसानों, युवाओं, बच्चों, तथा लाखों लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू हो रहे है । नवम्बर के अन्तिम सप्ताह में राहूल जी की भारत जोडों यात्रा बड़वाह एवं महेश्वर विधानसभा क्षेत्र में आरही है जहां यात्रा के ऐतिहासिक स्वागत की तैयारियां की जारही है इसी संदर्भ में आज औखलेश्वर से रूपाबेडी तक 7 दिवसीय 100 किलोमीटर की गांधी यात्रा का आयोजन ब्लाक एवं शहर कांग्रेस द्वारा किया जारहा है । इस यात्रा में गांव गांव से आये सेकडों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हुजुम यह बतारहा है कि इस यात्रा की आवाज के बाद पूरे खरगोन जिले से राहूल जी की भारत जोडों यात्रा में लोगों का जनसैलाब उमडेगा - उक्त विचार पूर्व केबीनेट मंत्री सुश्री विजय लक्ष्मी साधौ ने ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस बड़वाह द्वारा औखलेश्वर से प्रारंभ की गई गांधी यात्रा एवं गांधी चौपाल के शुभारंभ पर लोगों को सबोधित करते हुये व्यक्त किये । इस अवसर खरगोन जिला प्रभारी श्री जयपाल सिंह भी मोजूद थे ।**

गांधी यात्रा एवं गांधी चौपाल के रूप में भारत जोडों नफरत छोडों यात्रा के इस 7 दिवसीय पदयात्रा के आयोजकों में खरगोन जिला समन्वयक श्री नरेन्द्र पटेल, बड़वाह विधानसभा समन्वयक श्री नीलेश रोकडिया, पूर्व पीसीसी सचिव श्री अशोक जैन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री डोंगर सिंह खंडाला, पीसीसी डेलीगेट श्री सोहन शाह , वरिष्ट नेता श्री ईश्वरचंद दस्साणी,उभरते कांग्रेस नेता श्री तिलोकचंद राठोड,सनावद नगरपालिका के अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री इंदर बिरला, कांग्रेस के जमीनी युवा नेता श्री सोभाग पटेल, श्री विष्णु वर्मा, सुनील चोधरी,शहजाद खान, संयोजक श्री संतोष मालवीय, शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री विमल जैन, महेश सिटोले एवं रणजीत ठाकुर के नाम शामिल है । कांग्रेस के इन सभी दिग्गजों को एक मंच एवं एक सूत्र में पिरोने का काम किया है कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं इस यात्रा के मार्ग दर्शक श्री प्रसून दस्साणी ने ।

भारत जोडों यात्रा के जिला मिडिया प्रभारी श्री नवरत्नमल जैन ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ भगवान हनुमान जी की पूजाअर्चना एवं दर्शन के बाद गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया । यात्रा के शुभारंभ पूर्व मंत्री श्री सुश्री साधौ एवं खरगोन जिला प्रभारी श्री जयपाल सिंह ने सभी आयोजकों एवं प्रमुख नेताओं को गांधी टोपी पहनाकर सम्मान किया उसके बाद गांधी जी के चरखें लगे झंडे के साथ यात्रा का शुभारंभ किया गया ।

यात्रा के प्रथम दिन पूर्व मंत्री सुश्री साधौ एवं खरगोन जिला प्रभारी श्री जयपालसिंह चौहान काटकूट तक लगभग साढे 6 किलोमीटर पैदल चले एवं उसके बाद पूरे काटकूट ग्राम में यह यात्रा निकाली गई ।अंत में मुख्य चौराहे पर गांधी चौपाल का आयोजन किया गया जहां सेकडों की सख्या में ग्राम वासियों ने कांग्रेस के सभी नेताओं से भारत जोडों यात्रा के उद्देश्य एवं प्रासंगिकता पर उनके विचारों को सुना । सभी नेताओं ने लोगों से अपील की कि भारत को आज इन हालातों से बचने के लिये राहूल जी द्वारा निकाली जारही भारत जोडों यात्रा के साथ जुडना है । कार्यक्रम का संचालन श्री प्रसून दस्साणी ने किया । इस अवसर श्री रत्नदीप मोयदे, कृष्ण गोपाल दांगी तथा काटकूट, ओखला, बडेल, रांजना,सोरठी बारूल,रतनपुर, थरवर,बागफल, महेश्वर, बागोद आदि अनेक गांवों के संकडों लोग माजूद थे । आज का रात्रि विश्राम काटकूट में होगा एवं उसके बाद कल सुबह यात्रा अपने अगले पडाव रांजना, सोरठी बारूल , जगतपुरा, बागफल आदि गांवों में पहूंचेगी ।

## बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के 8000 घरों में सजेगी रंगोली, कांग्रेस नेता तिलोक राठोड़ देंगे 1 लाख के रुपये के पुरस्कार



**बडवाह बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में पहली बार विधानसभा स्तर पर विराट रंगोली प्रतियियोगिता का आयोजन किया जायेगा । जिसमें लगभग 8000 घरों में रांगोली सजाई जायेगी । यह रंगोली कांग्रेस नेता श्री तिलोक राठोड के सहयोग से सामाजिक संस्था मुक्ति फाउंडेशन ऑफ यूथ द्वारा आयोजित की जायेगी । यह प्रतियोगिता बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के बड़वाह , सनावद , बेडिया एवं काटकूट सेंटर पर लगभग 10 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक पर आयोजित की जायेगी । इन चारों सेंटर से कुल 50 विजेता प्रतियोगियों का चयन किया जायेगा । इन पचास प्रतियोगियों के बीच फाईनल प्रतियोगिता बडवाह में लगभग 1 जनवरी को आयोजित होगी । जिसमें कांग्रेस के उभरते नेता एवं समाज सेवी श्री तिलोक राठोड द्वारा विजेताओं को लगभग कुल 1 लाख रूपये की राशी के पुरस्कार प्रदान किये जायेगें ।**

### प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 11 हजार रूपये ।

इस प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर विगत दिनों रेस्टहाउस पर एक प्रेस कांफ्रेस का आयोजन किया गया जहां श्री तिलोक राठोड ने अपने द्वारा दिये जाने वाले पुरस्कार राशि की घोषणा की साथ ही सभी से अपील की कि इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक लोग भाग ले । श्री तिलोक राठोड ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31000 द्वितीय पुरस्कार 21000 व तृतीय पुरस्कार 11000 दिया जाएगा इसके साथ ही टॉप 50 को चांदी के सिक्के दिए जाएंगे ।इसके साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को भी सांतवना पुरस्कार दिया जायेगा ।

### 200 महिला प्रभारी होंगे नियुक्त..

संस्था के संस्थापक विशाल वर्मा व मिसेज इंदौर सुनीता परिहार ने बताया कि प्रतियोगिता विधानसभा स्तर पर आयोजित होगी। फाउंडेशन की महिला सदस्य सदस्यों में से वार्ड स्तर तक 200 प्रभारी बनाए जाएंगे जो प्रतियोगी की सूची बनाने से लेकर घर घर रंगोली बनवाने तक का कार्य संपादित करेंगे। 8000 रंगोली बनाने का लक्ष्य रखा गया है इसके लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से संपर्क कर इसे वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने का प्रयास किया जाएगा। इन्हर व्हील क्लब सदस्य प्रभा गुप्ता व रजनी भंडारी पूर्व की 3 प्रतियोगिता के अनुभव साझा करते हुए बताया कि महिला घर-घर रंगोली बनाने के अलावा एक दूसरे की रंगोली बनाने के लिए जब घर घर जाती है तो एक उत्सव के समान प्रतीत होता है।

### कशिश को बनाया ब्रांड अम्बेसडर...

सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स बनाने वाली कशिश शर्मा को मुक्ति फाउंडेशन ऑफ यूथ की ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया । कशिश के इंस्टाग्राम पर 3 लाख वर्तमान में व टिक टॉक पर 10 लाख फॉलोअर्स थे ।

### किरण जोशी कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त...

महिला सशक्तिकरण की मिसाल किरण ब्रजेंद्र जोशी को कार्यक्रम का प्रभारी नियुक्त किया है।साथ ही वर्षा चौहान स्मारिका पुराणिक को मैनेजमेंट कमिटी व मिसेज इंदौर 2018 सुनीता परिहार को निर्णायक व अतिथि मैनेजमेंट कमिटी का प्रभारी बनाया।कार्यक्रम का संचालन नवरत्न मल जैन ने किया व आभार विभा गुप्ता, प्रतिभा झामड ने माना।